# प्रैस विज्ञप्ति

**09/02/2023 पूर्ण भारत हेतु**

प्रैस विज्ञप्ति फरवरी 09, 2023
NSE CODE :- LICI BSE CODE :- 543526

**31 दिसम्बर 2022 को समाप्त नौ माह में किए गए प्रदर्शन का अद्यतनीकरण (Update) (9M FY23)**

मुंबई, फरवरी 09, 2023 : भारतीय जीवन बीमा निगम के निदेशक मण्डल (Board of Directors) द्वारा 31 दिसम्बर 2022 तक वर्तमान वित्तीय वर्ष के नौ माह के उपरांत स्टैंडआलोन तथा समेकित वित्तीय परिणामों को अनुमोदित किया गया तथा उनकी समीक्षा की गयी। स्टैंडअलोन परिणाम के मुख्य बिन्दु निम्न हैं

वर्तमान वित्तीय वर्ष के नौ महीनों 31 दिसम्बर 2022 तक भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा सकल प्रीमियम आय रु. 3,42,244 करोड़ अर्जित आय गत वित्तीय वर्ष नौ महीनों 31 दिसम्बर 2021 तक अर्जित आय रु. 2,83,673 करोड़ की तुलना में 20.65% की वृद्धि दर्शाती है। नौ महीनों 31 दिसम्बर 2022 तक कर (Tax) के बाद लाभ (PAT) रु. 22,970 करोड़ का रहा जो गत वर्ष के नौ महीने 31 दिसम्बर 2021 तक रु. 1672 करोड़ था । वर्तमान अवधि में "कर"उपरांत कुल सकल राशि (Net After Tax) रु. 19,941.60 करोड़ में वृद्धि का कारण संबन्धित उपलब्ध सोलवेन्सी मार्जिन Solvency Margin के नान पार संचयन से शेयर होल्डर खाते में हस्तांतरित किया जाना रहा। रु. 19,941.60 करोड की राशि में दिसम्बर 31, 2022 की तिमाही में रु. 5,669.79 करोड़ और गत तीन तिमाहियों की राशि रु. 5580.72 करोड़, रु. 4148.78 करोड़ और रु. 4542.31 करोड़ सम्मिलित है।

जीवन बीमा निगम ने अपने व्यवसाय की गति को मजबूत बनाए रखा है, जिसके परिणामस्वरूप नौ महीनों 31 दिसम्बर 2022 तक सम्पूर्ण (Overall) प्रथम प्रीमियम आय में बाजार हिस्सेदारी(आईआरडीएआई के अनुसार) 65.38% का रही जो गत वर्ष इसी अवधि में 61.40% थी।

वार्षिक प्रीमियम समतुल्य (Annualized Premium Equivalent,(APE) के आधार पर नौ महीनों 31 दिसम्बर 2022 तक कुल प्रीमियम रु. 37,545 करोड़ था। इस राशि में रु. 23,419 करोड़ (62.38%) व्यक्तिगत बीमा और रु. 14,126 करोड़ (37.62%) समूह बीमा द्वारा अर्जित किया गया है। APE के आधार पर, व्यक्तिगत बीमा के अंतर्गत लाभ-सहित योजनाओं का योगदान 90.55% और लाभ-रहित योजनाओं का 9.45% रहा है।

नौ महीनों 31 दिसम्बर 2022 तक कुल 1.29 करोड़ पॉलिसियों व्यक्तिगत बीमा द्वारा बेची गई जो गत वर्ष नौ महीने 31 दिसम्बर 2021 तक 1.26 करोड़ की तुलना में 1.92% वृद्धि दर्शाती है।

नौ महीनों 31 दिसम्बर 2022 तक पेर्सिस्टेंसी रेशिओमें (Persistency Ratio) प्रीमियम के आधार पर बढ़ोतरी दर्ज की गयी जो 13वे व 61वे महीने की 77.61% और 62.73% क्रमशः की थी। नौ महीने 31 दिसम्बर 2021 तक Persistency Ratio प्रीमियम के आधार पर 13वे व 61वे महीने की 76.84% और 61.91% क्रमशः की थी।

नौ महीनों 31 दिसम्बर 2022 तक पेर्सिस्टेंसी रेशिओमें (Persistency Ratio) पॉलिसी के आधार पर बढ़ोतरी दर्ज की गयी जो 13वें व 61 वें महीने की 64.99% और 51.42% क्रमशः की थी। नौ महीने 31 दिसम्बर 2021 तक पेर्सिस्टेंसी रेशिओ (Persistency Ratio) प्रीमियम के आधार पर 13वें व 61वें महीने की 65.47% और 50.85% क्रमशः की थी।

नौ महीनों 31 दिसम्बर 2022 तक प्रबंधन के तहत परिसंपत्ति (Assets Under Management) रु. 44, 34, 940 करोड़ की है जिसमे गत वर्ष नौ महीनों 31 दिसम्बर 2021 तक रु. 40,12,172 करोड़ की तुलना में 10.54% की वृद्धि दर्ज की गयी है।

We believe that the news contained in this release is of value to your readers. While we would thank you to publish it as soon as possible, We also readily recognize that the decision to do so rests entirely with you.

# प्रैस विज्ञप्ति

नौ महीनों 31 दिसम्बर 2022 तक प्रचालन व्यय  अनुपात Operating Expense Ratio 15.26% की रही है जिसमे गत वर्ष नौ महीनों 31 दिसम्बर 2021 तक 14.99% की तुलना में 27  मूल दर बीपीस bps की वृद्धि दर्ज की गयी है।

नौ महीनों 31 दिसम्बर 2022 तक पॉलिसीधारक खाते में निवेश में लाभ 8.58% रहा हैमें, जो कि गत वर्ष नौ महीनों 31 दिसम्बर 2021 तक 8.76% का था जिसमे अवास्तविक लाभ  Unrealized Gains शामिल नहीं है।

नौ महीनों 31 दिसम्बर 2022 तक नव-व्यवसाय का मूल्य (Value of New Business) (वीएनबी) 7,187 करोड़ और सकल वीएनबी मार्जिन 19.1% और नौ महीनों 31 दिसम्बर 2022 तक शुद्द वीएनबी मार्जिन 14.6% की थी।

नौ महीनों 31 दिसम्बर 2022 तक (सकल वीएनबी) व्यक्तिगत बीमा का रु. 4,683 करोड़ और समूह बीमा का रु. 2,504 करोड़ रहा है। सकल VNB मार्जिन व्यक्तिगत बीमा और समूह बीमा का क्रमशः 20% और 17.7% रहा है। व्यक्तिगत बीमा के अंतर्गत लाभ-सहित और लाभ-रहित (यूनिट बद्ध सहित) सकल वीएनबी मार्जिन क्रमशः 14.4% और 73.5% रहा है।

श्री एम. आर. कुमार, अध्यक्ष, LIC का कहना है – "निगम ने हमेशा से प्रत्येक स्टेकहोल्डर के लिये मुल्य का अनुकुलन करने के लिये एक पोर्टफोलियो मिश्रण बनाने पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखा है और इस संदर्भ में लाभ-रहित व्यवसाय को लगातार और लाभदायक तरीके से बढ़ाया है। एपीई(APE) के आधार पर, व्यक्तिगत बीमा में लाभ-रहित व्यवसाय की हिस्सेदारी नौ महीनों 31 दिसम्बर 2022 तक बढ़कर 9.45% हो गयी है जो गत पूर्ण वित्तीय वर्ष 31 मार्च 2022 तक 7.12% थी। लाभ-रहित संबन्धित योजनाओं के अंतर्गत अपेक्षित वृद्धि प्रति तिमाही अलग अलग रहती है लेकिन हमारा विश्वास है की हम योजनाओं के सही मिश्रण द्वारा अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की राह पर अडिग रहेंगे। बाज़ार के संकेत एक मजबूत परिणाम की ओर हैं और हमें पूर्ण विश्वास है कि इस बढ़ते बाज़ार में हम अपनी बाज़ार हिस्सेदारी (Market Share) में और वृद्धि करेंगे।

प्रमुख परिचालन और वित्तीय मेट्रिक्स
Key Operational and Financial Metrics :-

| क्र. | विवरण | 9माह वितीय वर्ष  FY 23 (रु. करोड़ में) | 9माह वितीय वर्ष 22 (रु. करोड़ में) | वर्ष प्रतिवर्ष वृद्धि % age |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सकल नव व्यवसाय प्रीमियम आय (व्यक्तिगत) | 38,828 | 35,910 | 8.13% |
| 2 | पुनर्चलित प्रीमियम (व्यक्तिगत) | 1,61,601 | 1,53,312 | 5.41% |
| 3 | सकल प्रीमियम(व्यक्तिगत) | 2,00,429 | 1,89,222 | 5.92% |
| 4 | सकल समूह व्यवसाय प्रीमियम | 1,41,815 | 94,452 | 50.15% |
| 5 | सकल प्रीमियम आय | 3.42,244 | 2,83,673 | 20.65% |
| 6 | कर के बाद लाभ (PAT)* | 22,970 | 1,672 | |
| 7 | व्यक्तिगत पॉलिसी विक्रय की संख्या | 1,28,90,843 | 1,26,48,184 | 1.92% |
| 8 | पूंजी का समग्र बाजार मूल्य | 44,34,940 | 40,12,172 | 10.54% |
| 9 | प्रचालन व्यय अनुपात o (%) | 15.26% | 14.99% | |
| 10 | 13M / 61 M पेर्सिस्टेंसी (प्रीमियम आधार %) | 77.61% / 62.73% | 76.84% / 61.91% | |
| 11 | 13M / 61 M पेर्सिस्टेंसी (पॉलिसी की सं° के आधार %) | 64.99% / 51.42% | 65.47% / 50.85% | |
| 12 | नव व्यवसाय  का मूल्य (कुल)(VNB – Net)1 | 5478 | | |
| 13 | VNB मार्जिन  (Net %)1 | 14.6% | | |

* - क्योंकि उपरोक्त दोनों समयावधि के आंकड़े तुलनीय नहीं है इसलिए वर्ष प्रतिवर्ष वृद्धि दर्शाई नहीं गई हैं।
1 – 9M FY 22 के तुलनीय आकढ़ें उपलब्ध न होने पर उल्लिखित नहीं हैं।

दिनांक 9 फरवरी 2023 मुंबई

We believe that the news contained in this release is of value to your readers. While we would thank you to publish it as soon as possible, We also readily recognize that the decision to do so rests entirely with you.

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

# प्रैस विज्ञप्ति

अधिक जानकारी हेतु कृपया संपर्क करें : कार्यकारी निदेशक (नि. सं.)
भारतीय जीवन बीमा निगम, केन्द्रीय कार्यालय, मुंबई। ई-मेल :ed_cc@licindia.com
वैबसाइट : www.licindia.in

We believe that the news contained in this release is of value to your readers. While we would thank you to publish it as soon as possible, We also readily recognize that the decision to do so rests entirely with you.